Seventeenth Loksabha

span>

Title: The Speaker on behalf of the House, paid homage to the martyrs of Kargil War on the 23rd Anniversary of the Kargil Vijay.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आज संपूर्ण देश हमारी राष्ट्रीय एकता, संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा के लिए भारतीय सेना के पराक्रम और बलिदान की याद में कारगिल विजय दिवस की 23वीं वर्षगांठ मना रहा है ।

हमारे वीर सैनिकों ने कारगिल युद्ध के दौरान कठिन भौगोलिक बाधाओं, प्रतिकूल मौसम के बावजूद अदम्य साहस और अद्‌भुत वीरता का परिचय देते हुए देश की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और विजय प्राप्त की ।

आज इस अवसर पर हम अपने वीर सैनिकों को नमन करते हैं तथा शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा हेतु अपना सर्वस्व बलिदान दिया है । आज के दिन हम उन शहीदों के परिवारों के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं ।

मैं अपनी ओर से तथा पूरे सदन की ओर से भारत के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और उनकी वीरता को नमन करता हूं तथा उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।

अब यह सभा हमारे वीर सैनिकों की याद में कुछ देर मौन खड़ी रहकर सम्मान प्रकट करेगी ।

The Members then stood in silence for a short while.